Demand for an express train from Jogbani to Patna, Ayodhya and Varanasi

श्री प्रदीप कुमार सिंह **(अररिया):** सभापति महोदय, आपने मुझे मौका दिया, उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी के इस कालखंड में लोकतंत्र का यह नया मंदिर नए भारत निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। आज जिस विषय के संबंध में मैं अपनी बात रखूंगा, वह अतिगंभीर व विचारणीय है।

सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के फारबिसगंज से नरपतगंज होते हुए सहरसा तथा दरभंगा के बीच के रेलखंड पर हो रहा अमान परिवर्तन कार्य पूर्ण हो चुका है। दोनों रेलखंड फारबिसगंज से ट्रेनों के परिचालन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फारबिसगंज से इनकी कनेक्टिविटी भी कर दी गई है। 11 जनवरी, 2023 को मुख्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण करके अनापत्ति प्रमाण पत्र भी दे दिया गया है एवं पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार एवं पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल द्वारा कहा गया है की ट्रेन परिचालन को लेकर हम लोगों के यहां से कोई भी तकनीकी समस्या नहीं है।

आज से 6 महीने पहले पूर्व मध्य रेलवे द्वारा जोगबनी से फारबिसगंज होकर दानापुर एवं सहरसा के लिए 2 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों तथा दरभंगा एवं सहरसा से 2 जोड़ी ट्रेनों को फारबिसगंज तक विस्तारित करते हुए इसकी समय सारणी भी जारी कर दी गई है, बावजूद इसके इस रेलखंड पर यात्री ट्रेनों का परिचालन अब तक शुरू नहीं किया जाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसकी वजह से लोग सड़क मार्ग से यात्रा करने को मजबूर हैं तथा लोगों का आर्थिक शोषण भी होता है।

अतः आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इस रेलखंड पर घोषित ट्रेनों के परिचालन को जल्द से जल्द शुरू करें। साथ ही मैं लोकहित का ख़्याल रखते हुए एक नई एक्सप्रेस ट्रेन जोगबनी से पटना तथा अयोध्या एवं वाराणसी के लिए शुरू किए जाने का आग्रह करता हूँ।